प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 22.12.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन इंजीनियरिंग एवं मेडिकल कोचिंग संस्थान का किया शुभारंभ, पहले चरण में संस्थान के लिए अनुसूचित जनजाति के 300 विद्यार्थियों का चयन।
- कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी कल दो दिवसीय दौरे पर आयेंगे झारखंड, धनबाद में बीसीसीएल सहित कई परियोजनाओं की करेंगे समीक्षा।
- साहिबगंज के भोगनाडीह में संथाल परगना स्थापना दिवस कार्यक्रम स्थगित, भाजपा नेता चंपाई सोरेन ने सरकार और प्रशासन पर लगाए गंभीर आरोप, झामुमो ने किया पलटवार।
- राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने एसआइआर को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ की बैठक, मतदाता सूची पुनरीक्षण के दौरान योग्य मतदाता की सटीक मैपिंग सुनिश्चित करने के निर्देश।
- राज्य में कड़ाके की ठंड और कोहरे का प्रकोप जारी, रांची समेत सात जिलों का पारा पहुंचा 10 डिग्री सेल्सियस के नीचे, अगले छह दिनों तक 16 जिलों में घने कोहरे का अलर्ट।

***************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज राज्य के अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के लिए श्दिशोम गुरु शिबू सोरेन इंजीनियरिंग एवं मेडिकल कोचिंग संस्थानश का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कल्याण मंत्री चमरा लिंडा भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह संस्थान राज्य के आदिवासी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक ठोस कदम है।

***************

कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी कल दो दिवसीय दौरे पर झारखंड आयेंगे। वे कल शाम धनबाद पहुंचेंगे और वहीं रात्रि विश्राम करेंगे। 24 दिसंबर को श्री रेड्डी धनबाद स्थित आईआईटी आईएसएम) जाएंगे। बाद में वे बीसीसीएल के अलावा कई अन्य परियोजनाओं की समीक्षा करेंगे। 24 दिसंबर की शाम हेलीकॉप्टर के जरिये कोयला मंत्री रांची आएंगे। फिर शाम पांच बजे सेवा विमान से हैदराबाद चले जाएंगे।

***************

साहिबगंज के भोगनाडीह में आज होने वाला संथाल परगना स्थापना दिवस कार्यक्रम प्रशासन की सख्त शर्तों के कारण स्थगित कर दिया गया है। इस निर्णय पर भाजपा नेता चंपाई सोरेन ने राज्य सरकार और जिला प्रशासन की तीखी आलोचना की है।

इस बीच झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य गणेश महाली ने पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के बयानों पर पलटवार किया है।

***************

भाजपा प्रवक्ता राफिया नाज ने राज्य की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था पर प्रदेश सरकार को घेरा है। रांची में आज संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर उन्होंने डॉक्टरों की कमी और सुरक्षा विफलताओं का आरोप लगाया।

***************

कांग्रेस ने भाजपा पर लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है। रांची स्थित कांग्रेस भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में कांग्रेस कार्यसमिति सदस्य कमलेश्वर पटेल ने कहा कि एक तरफ भाजपा ने मनरेगा कानून को कमजोर किया है तो दूसरी तरफ नेशनल हेराल्ड मामले में जांच एजेंसियों का गलत इस्तेमाल कर सोनिया गांधी और राहुल गांधी को वर्षों तक बदनाम करने की कोशिश की गई।

***************

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने आज रांची स्थित निर्वाचन सदन से एसआइआर को लेकर सभी जिलों के निर्वाचन पदाधिकारियों, ईआरओ, एईआरओ एवं उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ ऑनलाइन माध्यम

से बैठक की। इस दौरान उन्होंने विगत गहन पुनरीक्षण की मतदाता सूची से मैपिंग के क्रम में मतदाताओं को उनके पैरेंट से ही मैप करने का निर्देश दिया।

***************

गुमला के बाल संप्रेक्षण गृह में देश के पहले श्परिवार परामर्श केंद्रश का उद्घाटन हुआ। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ध्रुव चंद्र मिश्र द्वारा शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य अपराध में शामिल बच्चों के अभिभावकों को परामर्श देकर बच्चों को पुनः समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है।

***************

केंद्रीय संचार ब्यूरो, रांची द्वारा रामगढ़ कॉलेज में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। एक पेड़ मां के नाम और आत्मनिर्भर भारत जैसे विषयों पर आयोजित रंगोली, भाषण और पेंटिंग प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को सामाजिक मुद्दों, पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया गया।

***************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 29 दिसंबर को जमशेदपुर आएंगी। वे करनडीह में ओल चिकी लिपि के शताब्दी समारोह और एनआईटी जमशेदपुर के 15वें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। इस कड़ी में जिला प्रशासन ने आज करनडीह स्थित दिशोम जाहेर परिसर का निरिक्षण किया और तैयारियों का जायजा लिया। इसके अलावा मुख्य सड़क को अस्थायी अतिक्रमण से मुक्त भी कराया गया।

***************

धनबाद पुलिस ने बैंकमोड़ के एक होटल से पांच साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। सिटी एसपी ने बताया कि अपराधी फर्जी लिंक भेजकर लोगों के बैंक खातों से ठगी करते थे।

***************

राज्य में कड़ाके की ठंड और कोहरे का प्रकोप जारी है। रांची समेत सात जिलों का पारा 10 डिग्री से नीचे गिर गया है, जबकि कांके में तापमान 5.4 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने अगले 6 दिनों तक धुंध और शीतलहर का पूर्वानुमान जताते हुए 16 जिलों में घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है।

***************

गुमला जिला प्रशासन ने शीतलहर को देखते हुए स्वास्थ्य संबंधी दिशा–निर्देश जारी किए हैं। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

***************

उत्तराखंड के रुद्रपुर शहर में आयोजित सीनियर, जूनियर और सब जूनियर राष्ट्रीय स्तरीय ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप के चौथे दिन झारखंड की टीम ने तीन कांस्य पदक हासिल किये। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर राज्य के विभिन्न खेल संघों ने बधाई दी है।

***************

और अब कुछ संक्षिप्त खबरें

- धनबाद में आज जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट की न्यास परिषद की बैठक हुई। इसमें धनबाद और गिरिडीह के सांसदों और विधायकों के अलावा जिले के डीसी और एसएसपी भी शामिल हुए।
- पलामू जिले के चौनपुर और हुसैनाबाद में पिछले 24 घंटों में हुए दो सड़क हादसों में एक महिला और एक युवक की मौत हो गई। हुसैनाबाद में सड़क हादसे के विरोध में स्थानीय लोगों ने सड़क जाम की।

*******समाप्त********